# फार्म इंस्टीट्यूट की स्थापना में कुबोटा ने दिखाई रुचि

- मुख्यमंत्री से मिला जापानी उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल, निवेश प्रस्तावों पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के नेतृत्व में जापानी उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट कर प्रदेश में निवेश और उद्यम के नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक निखिल नंदा ने कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में एस्कार्ट कुबोटा फार्म इंस्टीट्यूट की स्थापना को लेकर रुचि जताई।

जापानी उद्यमियों से उप्र में औद्योगिक निवेश की विस्तृत संभावनाओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जापानी कंपनियों के साथ सहयोग करने की इच्छुक है। वर्तमान में उप्र में कार्यरत सात प्रमुख कंपनियों (मित्सुई टेक्नोलाजीज, होंडा मोटर्स, यामाहा मोटर्स, डेंसो, टोयोड्रंक, निसिन एबीसी लाजिस्टिक्स, सेकिसुई डीएलजेएम मोल्डिंग) सहित भारत में 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां संचालित हैं। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के पार्टनर कंट्री के रूप में जापान का बड़ा सहयोग मिला। जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने उप्र में उद्योग व्यापार के असीम अवसरों, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की और कहा कि जापान के निवेशक यहां की नीतियों से उत्साहित हैं। निवेशकों का यह उत्साह भारत और जापान के मजबूत संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। बैठक में जापानी दूतावास के पालिटिकल काउंसलर केंतारो ओरिता, जापान इंटरनेशनल कोआपरेशन एजेंसी के मुख्य प्रतिनिधि मित्सुनरी साइतो, जापान एक्सटर्नल ट्रेड संगठन के चीफ डायरेक्टर जनरल ताकाशी सुज़ुकी, जापान फाउंडेशन, नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल तोशीटोको कुरिहारा, जेसीसीआइआइ के सेक्रेट्री जनरल केंजी सुगिनो, मित्सुबिशी कारपोरेशन के चेयरमैन व एमडी यूजी तागुची, ओएमसी पावर के सीईओ व एमडी रोहित चंद्रा, कागनवी इंडिया के एमडी मित्सुताका सेकिनो, होंडा कार इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रवीण परांजपे मौजूद थे।